प्रेषक,

सचिव,
परीक्षा नियामक प्राधिकारी,
उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।

सेवा में,

प्राचार्य, (समस्त)
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
उत्तर प्रदेश

पत्रांकः गोप0/बीटीसी–13/3245-3315/2017–18 दिनांक 19 जून, 2017

**विषय–बी0टी0सी0 प्रशिक्षण बैच–2013 प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा वर्ष 2017 के आवेदन पत्र आन लाइन पूरित कर प्रिन्ट आउट प्रेषण के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक बी0टी0सी0 प्रशिक्षण 2013 परीक्षा वर्ष 2017 प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के (अवशेष/अनुत्तीर्ण) की लिखित परीक्षा दिनांक 27.06.2017 से दिनांक 08.07.2017 तक सम्पन्न होगी। आवेदन पत्र उन अभ्यर्थियों का पूरित कराया जाय जिनका प्रशिक्षण एन0सी0टी0ई0 के मानक के अनुसार पूर्ण हो। अभ्यर्थी यदि तीन बार अनुत्तीर्ण हो चुके हों, उन अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र कदापि न भरे जायें।

विगत वर्ष तक आवेदन ऑफलाइन मांगे व प्रेषित किये जाते थे, जिसमें विभिन्न प्रकार की त्रुटियॉ परिलक्षित होती थी। वर्तमान बी0टी0सी0 प्रशिक्षण बैच –2013 प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा वर्ष 2017 के लिखित परीक्षा के आवेदन पत्र ऑनलाइन माँगे जा रहें हैं। आवेदन पत्र ऑनलाइन पूरित कर अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को प्रेषित किये जाने हेतु विस्तृत दिशा निर्देश निम्नवत् हैः–

01. प्रदेश के समस्त जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों/निजी बी0टी0सी0 प्रशिक्षण संस्थानों में बी0टी0सी0 2013 प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों के ऑनलाइन आवेदन पत्र सम्बन्धित जनपद के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा वेबसाइट http://www.btcexam.in के माध्यम से पूरित किये जायेंगे ऑन लाइन माध्यम के अतिरिक्त किसी भी परिस्थिति में **ऑफलाइन आवेदन** पत्र स्वीकार नही किये जायेंगे।

    सम्बन्धित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट/निजी दोनों संस्थानों के प्रशिक्षुओं के ऑनलाइन आवेदन पत्र पूरित करने हेतु उक्त वेबसाइट के डायट लॉगिन पर क्लिक करेंगे, तदोपरान्त स्क्रीन पर दिये गये डायट का नाम तथा पासवर्ड (**PASSWORD**) को अंकित करते हुए ऑनलाइन आवेदन पत्र पूरित करेंगे, प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र अलग–अलग पूरित किये जायेंगे, इस हेतु वेबसाइट पर विकल्प उपलब्ध है।

All Letter BTC 2013

02. बी0टी0सी0 परीक्षाओं के परीक्षा शुल्क **सचिव, परीक्षा नियामक प्राधिकारी उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद के** खाता सं0 **519701010028014 IFSC कोड UBIN 0551970 (UNION BANK OF INDIA, LIC COLONY, 147-A/58 JAWAHAR LAL NEHRU ROAD, NEAR TAGORE TOWN, COLONELGANJ SCHOOL, ALLAHABAD) में जमा करें।** सम्बन्धित जिला प्रशिक्षण संस्थान द्वारा आवेदन पत्र ऑनलाइन पूरित किये जाने के उपरान्त आवेदन के प्रिंट आउट हस्ताक्षरित कर (कम्प्यूटराइज्ड हार्ड कापी) के साथ बैंक की मूल रसीद संलग्न कर विशेष वाहक द्वारा कार्यालय को दिनांक 03.07.2017 तक अनिवार्य रूप से प्राप्त करायें।

03. आवेदन पत्र में भरी जाने वाली प्रविष्टियों को भली–भॉति जॉच व मिलान करने के उपरान्त ही सेव (Save) करते हुए सुरक्षित करें। इसमें किसी भी त्रुटि के लिए प्राचार्य डायट स्वयं उत्तरदायी होंगे।

04. बी0टी0सी0 आवेदन पत्र पूरित करने हेतु तिथियों का विवरण निम्नवत् हैः–

| क्र.सं. | सेमेस्टर | दिनांक से | दिनांक तक | संशोधन की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रथम सेमेस्टर | 19.06.2017 | 23.06.2017 | 24.06.2017 |
| 2 | द्वितीय सेमेस्टर | 19.06.2017 | 25.06.2017 | 26.06.2017 |
| 3 | तृतीय सेमेस्टर | 19.06.2017 | 26.06.2017 | 27.06.2017 |
| 4 | चतुर्थ सेमेस्टर | 19.06.2017 | 26.06.2017 | 29 व 30.06.2017 |

उपरोक्त दिये गये निर्देशों के अनुसार निर्धारित समयावधि के भीतर बी0टी0सी0 प्रशिक्षण 2013 प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा वर्ष 2017 के आवेदन पत्र ऑनलाइन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उक्त निर्धारित तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नही किये जाने पर सम्पूर्ण उत्तरदायित्व स्वयं आपका होगा।

भवदीय

डॉ0(श्रीमती एस0 सिंह)
सचिव
परीक्षा नियामक प्राधिकारी
उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।

पृ0सं0 / गोप0 / बीटीसी–13 / 3245-3315 / 2017–18 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उ0प्र0 लखनऊ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

डॉ0(श्रीमती एस0 सिंह)
सचिव
परीक्षा नियामक प्राधिकारी
उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।